# शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर

# स्वयंसिद्धा

## महाविद्यालय न्यूज लेटर

कुल छात्राएं 1572

अंक – 6

जनवरी 2019 से दिसम्बर 2019

**संरक्षक**
डॉ. सुमन तनेजा
प्राचार्य

**संपादक**
डॉ गणेशलाल जैन
डॉ. जया शर्मा

**सह–संपादक**
डॉ. मो. सादिक
डॉ. प्रतिभा सोनी

## प्राचार्य की कलम से



शिक्षा के इस मंदिर मे, मैं कहना चाहती हूँ कि महविद्यालय मे प्रवेशित छात्रायें जो जीवन के लक्ष्य प्राप्ति का संकल्प लेकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए आती है। उस उद्देश्य व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ सदा सहयोग करता है।

महाविद्यालय आज निरंतर शिक्षा एवं शैक्षणिक गतिविधियों में ऊचाईयों को छू रहा है एवं खेल मे भी कई आयाम प्राप्त कर रहा है। विद्यार्थियों को महाविद्यालय स्टॉफ न केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान प्रदान करता है वरन् उनके व्यक्तित्व विकास में सार्थक होने वाले ज्ञान से भी परिचित कराता है, जिससे उनमें बहुज्ञान की प्राप्ति हो सके। आज का युग वैज्ञानिक दृष्टिकोण को लेकर चल रहा है। व्यापारिक प्रतिस्पर्धाए हो रही है। इन सब का ज्ञान भी हमारे प्राध्यापको द्वारा विद्यार्थियों के हित में दिया जा रहा है। शासन की मंशानुसार समस्त योजनाओं का लाभ भी विद्यार्थियों के हित मे दिया जाता है।

प्राचार्य
डॉ. सुमन तनेजा

### 1) विभिन्न समितियां बनाकर नेक एस.एस.आर. तैयार करने हेतु बैठक का आयोजन

दिनांक 11 जनवरी 2019 को प्राचार्य कक्ष में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ विभाग द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्राचार्य एवं आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी द्वारा समस्त टीचिंग स्टाफ की विभिन्न समितियां बनाकर कार्य संपादन सौंपा गया।

### 2) महाविद्यालय में हुआ शिक्षक अभिभावक 2018 19 का आयोजन

दिनांक 16 जनवरी 2019 को आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा शिक्षक अभिभावक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से छात्राओं की अध्यापन एवं अन्य सेवाओं संबंधी जानकारियों से उनके अभिभावकों को अवगत कराया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं के महाविद्यालय के प्रति अभिभावकों का अभिमत प्राप्त कर महाविद्यालय को प्रगति की ओर ले जाना था।

### 3) विद्यार्थी सेमीनार ( गणित विभाग )



शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के गणित विभाग में विभागीय छात्राओं का सेमिनार दिनांक 25.01. 2019 को संपन्न हुआ। इस संगोष्ठी का शीर्षक " गणित और वास्तविक जीवन " पर महाविद्यालय का गणित विभाग की छात्राओं ने अपने–अपने पत्रकों का प्रस्तुतिकरण दिया। गणित विभाग के डॉ. वरूण सिंह ने कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में छात्रओं को प्रोत्साहित किया। इस विभागीय सेमिनार का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमन तनेजा द्वारा आदरणीयों की उपस्थिति में, (आई.क्यू.ए.सी प्रभारी डॉ. जया शर्मा, समाजशास्त्र विभाग प्रमुख डॉ. सुधा लाहोटी, गृहविज्ञान विभाग प्रमुख डॉ. कलिका डोलस, डॉ. अनूप सिंह, डॉ. राजेश बकोरिया, ओम प्रकाश परमार, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. प्रतिभा सोनी, डॉ. मो. सादिक, रमाकांत रिछारिया, कमल महेशवरी, ब्रिजेश विश्वकर्मा, ज्योत्ना विश्वकर्मा, नूरजहॉं हाशमी, भारती सक्सेना, पूजा राठौर, माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। छात्राओं द्वारा अतिथिओं का पुष्प से स्वागत किया तथा प्राचार्य द्वारा सेमिनार में छात्राओं को शोध पत्र प्रस्तुत करने पर बधाई प्रदान की गई। डॉ. जया शर्मा द्वारा इस सेमिनार को कराये जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन विभाग की छात्राओं कु. पूजा सिसोदिया एवं निधि जैन द्वारा किया गया। छात्राओं द्वारा गणित विषय से संबधित कई पत्रक प्रस्तुत किये। इस सेमिनार में विभाग की समस्त छात्राओं ने भाग लिया जिसमें एक शोध पत्र डॉ. वरूण सिंह द्वारा भी प्रस्तुत किया गया।

### 4) वार्षिक उत्सव उमंग 2019

महाविद्यालय मे दिनांक 21 फरवरी 2019 को वार्षिक उत्सव उमंग 2019 का उद्घाटन प्राचार्य डॉ कलिका डोलस ने औपचारिक घोषणा के साथ किया। प्रथम दिवस मे विभिन्न विधाओं के अंतर्गत– व्यंजन, केश सज्जा, सलाद सज्जा, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तु प्रतियोगिता, एकल गायन एवं समूह गायन इत्यादि प्रतियोगतिाये सम्पन्न हुई। तथा दूसरे दिन एकल नृत्य, समूह नृत्य एवं फेंसी ड्रेस के अंतर्गत प्रान्तीय वेशभूषा थीम पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। जिनमे छात्राओं ने उत्साह के साथ अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागिता की। एकल नृत्य मे प्रथम स्थान कु. राशी श्रीवास्तव व प्रान्तीय वेशभूषा मे प्रथम स्थान कु. मोनिका व्यास ने प्राप्त किया। महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव उमंग में विभिन्न संस्कृतियों के रंग दिखाई दिए।

### 5) विद्यार्थी सेमिनार

अर्थशास्त्र विभाग द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 23 फरवरी 2019 को विद्यार्थी सेमिनार का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. अमोल मांजरेकर द्वारा उपस्थित छात्राओं को "अर्थशास्त्र विषय का भौतिक अर्थव्यवस्था एक विकासशील" मुद्दे पर प्रकाश डालते हुए, अर्थशास्त्र विषय से अवगत कराया। आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ विभाग की प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सभी समस्यात्मक पहलुओं को विचारणीय एवं शोधनीय बताते हुए छात्राओं को अवगत कराया। इस विभागीय सेमिनार में अर्थशास्त्र की 38 छात्राओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए जो विभिन्न मुद्दों पर थे।

## *6) विद्यार्थी सेमिनार अर्थशास्त्र विभाग*

महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के सौजन्य से दिनांक 23 फरवरी 2019 को "भारतीय अर्थव्यवस्था" विषय पर विद्यार्थी सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ. (श्रीमती) अमोल मांजरेकर ने संगोष्ठी का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि हमारी विकासशील अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान होने के कारण कृषि, उद्योग, यातायात, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार आदि सभी क्षेत्रों में विकास हेतु इन पर अध्ययन करने, विचार करने एवं समस्याओं के निराकरण हेतु एक विचारणीय निष्कर्ष पर पहुंचते हुए, समाधान खोजना संगोष्ठी का उद्देश्य है। सेमिनार में विषय विशेषज्ञ डॉ. जया शर्मा, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ. श्रीमती सुमन तनेजा, डॉ. मोहम्मद सादिक, श्री रमाकांत रिछारिया व अकबर अली द्वारा छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## *7) राष्ट्रीय शोध सेमीनार*

दिनांक 25.02.2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में पर्यावरण क्षरण–कारण एवं समाधान विषय पर राष्ट्रीय शोध सेमीनार वनस्पतिशास्त्र विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजा एवं वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सेमीनार के संयोजक डॉ. राजेश बकोरिया ने सेमीनार विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होने पर्यावरणीय प्रदूषण के साथ–साथ समाज में फिर रहे मानसिक प्रदूषण पर भी चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. माधुरी मोडक ने कहा कि प्रकृति हमारे बिना तो संभव है पर हम प्रकृति के बिना तो नही रह सकते। अतः दिखावा संस्कृति पर रोक लगाकर पर्यावरण के संरक्षण की ओर कार्य करें। दूसरे विशिष्ठ अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. वी.सी. जैन ने लघु कहानी के माध्यम से पर्यावरण के महत्व को बताते हुए उसके संरक्षण की जिम्मेदारी को स्वयं नागरिकों का कर्तव्य बताया। विशिष्ठ अतिथियों के क्रम में तीसरे वक्ता के रूप में चन्द्रशेखर आजाद अग्रणी महाविद्यालय सीहोर की प्रभारी प्राचार्य डॉ. आशा गुप्ता ने विषय को ज्वलंत बताते हुए कहा कि पर्यावरण क्षरण के कारण विभिन्न जीवों की प्रजातियां विलुप्त हो रही है। गोरैया की संख्या में कमीं होने का भी यही कारण है। मुख्य अतिथि के रूप में कृषि विज्ञान केन्द्र सेवनियां के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जैनेन्द्र कुमार कन्नोजिया ने बताया कि ग्लोबल वार्मिन्ग के कारण यदि तापमान में 1 से लेकर 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है तो कृषि के उत्पादन में कमीं हो जायेगी। उन्होने पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता पर बल दिया। महाराष्ट्र के नांदेड से पधारे स्रोत वक्ता के रूप में पर्यावरण अडिट को विस्तार से बताया। उन्होने एनर्जी आडिट और रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग आदि को अपनाने पर बल दिया। कीनोट वक्ता के रूप में डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि हमें यूज एण्ड थ्रो की संस्कृति पर रोक लगाना चाहिए। उद्घाटन सत्र की समापन भाषण में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन सत्र में सोविनियर का अतिथियों द्वारा लोकार्पण किया। तकनीकि सत्र में स्रोत वक्ता के रूप में डॉ. टेसी थामस प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र विभाग शा. महाविद्यालय गुना ने प्लास्टिक पर हमारी आवश्यकता से अधिक निर्भरता नें प्लास्टिक प्रदूषण को बढ़ाया है। उन्होने इसके उपयोग को कम करने की आवश्यकता के बारे में बताया। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. दिवा मिश्रा प्राध्यापक रसायन शास्त्र ने पर्यावरणीय मुद्दे एवं सोशल मीडिया विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। समापन सत्र में विशिष्ठ अतिथि के रूप में चन्द्रशेखर आजाद शा. अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के रजिस्ट्रार श्री वी.एल. बकोरिया जी ने भी वर्तमान सीहोर और पूर्व सीहोर की पर्यावरणीय सीहोर की ओर पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. जया शर्मा ने किया। डॉ. जया शर्मा ने पर्यावरण की रक्षा हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। इस अवसर पर समस्त अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सेमीनार में शोधार्थियों ने अपने शोध पत्रों का वाचन किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

## ***8) समाजशास्त्र विभाग द्वारा विद्यार्थी सेमिनार का आयोजन***

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के समाजशास्त्र विभाग और आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 26 फरवरी 2019 को "21वीं सदी में बढ़ता साइबर अपराध, कारण एवं रोकथाम" विषय पर विद्यार्थी सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें समाज शास्त्र विषय की छात्राओं ने प्रस्तुतीकरण के विभिन्न तरीकों जैसे मौखिक, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन एवं पोस्टर के माध्यम से विषय की प्रकृति को समझाया। सेमिनार के मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ सीहोर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री समीर यादव, विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ जया शर्मा एवं अध्यक्ष सुमन तनेजा ने विषय पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। जिसमें सर्व श्रेष्ठ आलेख हेतु कु. साक्षी चौहान बी.ए. प्रथम वर्ष का चयन किया गया। समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुधा लाहोटी, सहायक प्राध्यापक श्रीमती अर्चना चौहान एवं अतिथि विद्वान डॉ प्रतिभा सोनी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के द्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में डॉ अमोल मांजरेकर, डॉ. कलिका डोलस, डॉ राजेश बकोरिया, श्री कमल महेश्वरी एवं श्री ओमप्रकाश परमार उपस्थित थे।

## ***9) विद्यार्थी सेमीनार ( "वाणिज्य और प्रबंधन में नवीनतम रुझान")***




28 फरवरी 2019 को वाणिज्य विभाग ने वाणिज्य और प्रबंधन के नवीनतम रुझानों पर एक छात्र संगोष्ठी का आयोजन किया। यह संयुक्त रूप से प्रबंधन विभाग के साथ आयोजित किया गया था और मुख्य रूप से कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल द्वारा पदोन्नत किया गया था। सेमिनार सुबह 11.00 बजे शुरू हुआ, जिसमें छात्रों द्वारा प्रस्तुत देवी सरस्वती और सरस्वती वंदना के लिए दीप प्रज्वलित किया गया। प्राचार्य डॉ। सुमन तनेजा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और डॉ। सुधा लाहोटी, डॉ। राजेश बकोरिया, डॉ। अनूप सिंह और श्री रवि विरहा कॉलेज में विशेष शिक्षण सदस्य के रूप में उपस्थित थे।




## ***10) वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता***

महाविद्यालय मे वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत दिनांक 27 एवं 28 फरवरी 2019 को वार्षिक खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत रस्सी कूद प्रतियोगिता, गोलाफेंक, भालाफेंक, 100 मीटर दौड़, स्लो सायकलिंग, रस्सा कस्सी, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं विजेता प्रतिभागियों को वार्षिक स्नेह सम्मेलन के पुरस्कार वितरण समारोह मे पुरस्कृत किया गया।

## ***11) विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के सहयोग से महाविद्यालय विकास***

दिनांक 1 मार्च 2019 को महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष में बैठक आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय स्टाफ सहित विद्यार्थियों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया। बैठक में प्राचार्य द्वारा निर्णय लेकर एलुमनी के नाम से एक दल का गठन करते हुए निर्मित किया गया। जिसमें उक्त दल सहित अभिभावकों सहित विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों में अभिभावकों का सहयोग लेकर महाविद्यालय विकास में सहयोग लेंगे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर छात्राओं द्वारा अपनी माताओं को महाविद्यालय में लाकर , छात्राओं की प्रगति में उनके अनुभव का लाभ प्राप्त कर सकें।

### 12) विद्यार्थी सेमिनार राजनीति शास्त्र विभाग

महाविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 6 मार्च 2019 को विद्यार्थी सेमिनार "भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भूमिका" शीर्षक पर आयोजित किया जाए। जिसमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, विशिष्ट अतिथि आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. जया शर्मा तथा विषय विशेषज्ञ श्री रमाकांत रिछारिया थे एवं कार्यक्रम का आयोजन अनीता मिश्रा ने किया।

### 13) अर्थशास्त्र विषय में रोजगार के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया

दिनांक 7 मार्च 2019 को महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अर्थशास्त्र विषय में रोजगार के अवसर पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, विभागाध्यक्ष डॉ. अमोल मांजरेकर, समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा लाहोटी उपस्थित रही। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप में डॉ सुषमा तिवारी ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अर्थशास्त्र विषय में रोजगार के कई अवसर हैं। इस विषय की पढ़ाई करके कई प्रकार की नौकरियों को प्राप्त कर सकते हैं। प्राइमरी शिक्षक के रूप से लेकर प्रोफेसर के पद को भी प्राप्त कर सकते हैं, आई.ए.एस. परीक्षा में अर्थशास्त्र विषय के साथ आप ऑफिसर के पद को भी प्राप्त कर सकते हैं। गैर सरकारी नौकरियां भी प्राप्त कर सकते हैं। खुद के लघु उद्योग धंधे स्थापित कर रोजगार प्राप्त एवं प्रदान भी कर सकते हैं। अर्थशास्त्र विषय में विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल है। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विषय की विभागाध्यक्ष डॉ अमोल मांजरेकर ने किया।

### 14) अर्थशास्त्र विषय में रोजगार पर व्याख्यान

दिनांक 7 मार्च 2019 को महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "अर्थशास्त्र विषय में रोजगार के अवसर" पर आयोजित व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में चंद्रशेखर आजाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय सीहोर की अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ सुषमा तिवारी ने विद्यार्थियों को अर्थशास्त्र विषय में रोजगार के अवसरों के संबंध में विस्तार से बताते हुए छात्राओं को अपना लक्ष्य तय करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ. अमोल मांजरेकर ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा लाहोटी, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ जया शर्मा एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर कालिका डोलस उपस्थित रही।

### 15) समाजशास्त्र विषय में रोजगार की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान

महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग एवं स्वामी विवेकानंद रोजगार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 13 मार्च 2019 को समाजशास्त्र विषय में रोजगार के अवसर शीर्षक पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च शिक्षा उत्कृष्टता मुल्य संस्थान, भोपाल से समाजशास्त्र विषय की प्राध्यापक डॉ शैलजा दुबे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थी। डॉ. दुबे ने छात्राओं को विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए उच्च कोटि की पुस्तकों का गंभीर एवं गहन अध्ययन करने एवं लक्ष्य निर्धारित करने व समय प्रबंधन सीखने को कहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, रोजगार प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ कालिका डोलस, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुधा लाहोटी, सहायक प्राध्यापक श्रीमती अर्चना चौहान एवं अतिथि विद्वान डॉ प्रतिभा सोनी उपस्थित रही।

## 16) वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन


दिनांक 23.03.2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वार्षिक पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 2018–19 का आयोजन किया गया, जिसमे विशिष्ट अतिथि पी.जी. कॉलेज की प्राचार्य डॉ. आशा गुप्ता, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच रोशनलाल, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाड़ी दिव्या पवार व अंजली शर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ सुमन तनेजा ने अपने प्रभावपूर्ण वक्तव्य से छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में राज्य, जिला व कॉलेज स्तर पर विभिन्न खेलों में प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कॉलेज के खेल अधिकारी रवि विरहा को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय खेल ट्रॉफी जीतने पर स्मृति चिन्ह भेंट किया। कॉलेज प्राचार्य ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कलिका डोलस ने किया।

## 17) दिनांक 9 अप्रैल 2019 को प्राचार्य कक्ष में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ विभाग द्वारा बैठक का आयोजन

आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ विभाग द्वारा निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई– छात्रावास की व्यवस्था, लाइब्रेरी सुविधा, फीडबैक, स्पोर्ट्स, एन.एस.एस. का फीडबैक, पर्यावरण अंकेक्षण चर्चा, पूर्व छात्र संगठन संबंधी चर्चा इत्यादि कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्णय लिए गए।

## 18)मतदाता जागरूकता अभियान 2019



मतदाता जागरूकता अभियान लोकसभा चुनाव 2019 के अंतर्गत महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता फोरम का गठन किया गया। जिसमें कु. रिचा नामदेव एवं कु. सुरभि चौरसिया को मतदाता जागरूकता अभियान का कैंपस एंबेसडर बनाया गया। 20 अप्रैल 2019 को एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें नव मतदाताओं को ई.वी.एम. तथा वी.वी.पैट आदि से वोट करने की प्रक्रिया सिखाई गई। इस कैंप में स्थानीय चंद्रशेखर आजाद शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीहोर के प्रोफेसर राजपूत एवं शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त मास्टर ट्रेनर डॉ. अनूप सिंह, डॉ. राजेश बकोरिया, बी. एल.ओ. श्री राहुल विश्वकर्मा एवं मतदाता जागरूकता प्रभारी श्रीमती अर्चना चौहान उपस्थिति थी।

- निष्पक्ष, नैतिक एवं निर्मित मतदान की अनिवार्यता हेतु महाविद्यालय में समूह चर्चा का आयोजन किया गया।
- मतदाता दिवस प्रतिस्पर्धा में 10 जनवरी 2019 को महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- महाविद्यालय में "हम मतदान करेंगे" आशय पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।
- छात्राओं को निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित लघु फिल्में दिखाई गई।
- 25 जनवरी 2019 को "राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह" का आयोजन किया गया एवं चित्रकला, स्लोगन राइटिंग, वाद विवाद तथा निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

## 19) आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन विभाग द्वारा बैठक कर कार्य समीक्षा की गई

प्राचार्य द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त टीचिंग स्टाफ से कार्य प्रगति की समीक्षा कर जानकारी प्राप्त की गई एवं समस्त संकाय के विभाग बार जानकारी प्राप्त की गई।

## 20) महाविद्यालय में हुआ प्रवेश उत्सव 2018 19

महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव 2018–19 के अंतर्गत दो दिवसीय विद्यार्थी उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें प्रथम दिवस में नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सक्सेना, प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ संयोजक डॉ शर्मा, प्रवेश प्रभारी डॉ. जी. एल. जैन, राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया एवं सभी शैक्षणिक सदस्य उपस्थित थे। छात्र संघ पदाधिकारियों ने नवीन प्रवेशित छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पेन प्रस्तुत कर स्वागत किया तथा महाविद्यालय में संचालित शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. सुधा लाहोटी के द्वारा गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना एवं मेधावी विद्यार्थी योजना की जानकारी प्रदान की गई। एन.एस.एस. जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी प्रदान की गई। डॉ. जी. एल. जैन द्वारा प्रवेश योजनाओं के नियमों की जानकारी प्रदान की गई। आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग एवं ईमेल तथा डिजिटलाइजेशन की जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का आभार एवं धन्यवाद अनूप सिंह द्वारा किया गया।

## 21) स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ

- महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा प्रतिमाह व्याख्यान अंतर्गत "पर्यटन में रोजगार के अवसर" जिसे ए.डी.एम. जिला सीहोर श्री विनोद चतुर्वेदी जी ने संबोधित किया। "पत्रकारिता में रोजगार के अवसर" जिसे इ.टी.व्ही. संवाददाता श्री प्रदीप चौहान ने संबोधित किया। व्यक्तित्व विकास समूह चर्चा स्किल इंडिया स्वौठ एनालिसीस द्वारा प्रेजेन्टेशन, सम्प्रेषण कौशल जैसे शीर्षकों में व्याख्यान आयोजित किए गए। दिनांक 29.09.2018 को माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा स्टार्टअप कॉनक्लेव के सीधे प्रसारण में छात्राओं की सहभागिता रही।
- योजना क्रमांक 7851 के तहत टेली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा बेंकिंग जैसे 21 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किए गए जिसमें लगभग 160 छात्राएं लाभान्वित हुई।
- योजना क्रमांक 6915 अंतर्गत वर्तमान की जैविक खेती के रूझान को देखते हुए वर्मी कम्पोस्टिंग का 25 दिवसीय अन्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 50 छात्राएं लाभान्वित हुई।
- शैक्षणिक भ्रमण अंतर्गत छात्राओं को कृषि विज्ञान केन्द्र सेवनिया का भ्रमण कराया गया जो छात्राओं ने पिट विधि से खाद बनाना सीखा। साथ ही कम पानी में अमरूद, आम तथा अन्य पदार्थों की खेती कैसे की जाती है यह भी जाना।
- दिनांक 15 एवं 16 फरवरी को अग्रणी महाविद्यालय द्वारा आयोजित कॅरियर अवसर मेले में लगभग 105 छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया एवं मेले में लगाए गए सॉल से रोजगार के अवसरो की जानकारी प्राप्त की।
- माह मार्च में सेडमेप द्वारा तीन दिवसीय कार्यशाला प्रस्तावित है।
- डॉ. कलिका डोलस True IAS Acedemy की ओर से आयोजित कैम्पस ड्राइव में 45 छात्राओं ने सहभागिता की जिसमें से 08 छात्राऐं चयनित हुई।

## 22) महाविद्यालय में इको क्लब द्वारा वृक्षारोपण

दिनांक 11 जुलाई 2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के इको क्लब व पत्रिका समाचार पत्र के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर छात्राओं एवं समस्त स्टॉफ ने पीपल, नीम तथा आंवला के वृक्ष रोपित किये। एवं साथ ही इनको संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी डॉ. कलिका डोलस, प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि विरहा सहित बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की आरती, निकिता पाटीदार, शिवानी विश्वकर्मा, दीपा, संजना गड़ोदिया, प्रमिला कर्मा, बी.ए. द्वितीय वर्ष की क्षमा चौहान, माया भील, बी.कॉम द्वितीय वर्ष की रचना अहिरवार, राखी अहिरवार एवं एम.कॉम. की रानी वर्मा, गीतिका राठौर सहित समस्त स्टॉफ एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित रहे।





## 23) सद्भावना दिवस का आयोजन

दिनांक 20/08/2019 को शा.कन्या महाविद्यालय में युवा संकल्प वर्ष 2019–20 के अंतर्गत सद्भावना दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश दूरदर्शन पर हुऐ सीधे प्रसारण के साथ हुआ जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने माननीय मुख्य मंत्री जी के विचारो को सुना। तथा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने छात्राओं से राष्ट्रीय एकता व अखंडता बनाऐ रखते हुऐ तथा राष्ट्रीय निमार्ण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुऐ उन्हे राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सद्भावना गीत प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें देश भक्ति पर आधारित एकल गान एवं समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एकल गान मे मानसी विश्वकर्मा ने प्रथम, महिमा सोनी ने द्वितीय, पूजा कलमोदिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान मे – दीक्षा एवं श्रुति ताम्रकार ने प्रथम, अंजली विश्वकर्मा एवं मुस्कान ठाकुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. प्रतिमा खरे एवं श्री रवि विरहा ने छात्राओं को देश के प्रति सद्भावना का भाव रखते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संपूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहात्री के मार्गदर्शन मे किया गया जिसमें प्रिया धाड़ी, दीप्ति परमार, सुलोचना, महिमा सोनी, पूजा, संजना गडोदिया, नेहा का विशेष सहयोग रहा।

## 24) तीन दिवसीय इन्डक्सन प्रोग्राम

विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत तीन दिवसीय इन्डक्सन प्रोग्राम के तहत महाविद्यालय में दिनांक 17.09.2019 को कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। विश्वबैंक प्रभारी डॉ. अनुप सिंह ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने प्रवेश लेने वाली छात्राओं का स्वागत किया तथा शैक्षणिक स्टॉफ से परिचय कराया। उन्होने सभी छात्राओं से अनुशासन में रहने तथा कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने को कहा। डॉ. अमोल मांजरेकर ने ट्रेनिंग और इंटर्नशिप के बारे में जानकारी दी। डॉ. सुधा लाहोटी ने महाविद्यालय द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. कलिका डोलस ने स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के बारे में बताते हुए कहा कि सभी छात्राऐं इस योजना का लाभ उठायें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा शर्मा ने किया। इस अवसर पर समस्त शैक्षणिक स्टॉफ उपस्थित था।

## 25) रासेयो का स्वर्ण जयन्ती समारोह

दिनॉक 24/09/2019 को शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे राष्ट्रीय सेवा योजना का स्वर्ण जयन्ती स्थापना वर्ष बड़े हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया ने छात्राओं को महात्मा गांधी जी के विचारो को अंगीकृत करे, उन्होने छात्राओं को प्रेरणाप्रद कहानी के साथ रासेयो की "वसुधैव कुटुम्बकम्" की धारणा को बताते हुऐ अपने वक्तत्य को समाप्त किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला संगठक रासेयो सीहोर एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त डॉ. सुधा लाहोटी ने छात्राओं को एन.एस.एस. को जीते हुए अपने 15 वर्षीय अनुभव को बताया। एन.एस.एस. एक ऐसा मंच है जो न केवल व्यक्तित्व को निखारता है बल्कि हमारी छिपी प्रतिभाओ को भी निखारता है। इसके साथ ही छात्राओं ने रासेयो से संबंधित जिज्ञासाऔ को भी पूछा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सुधा लाहेटी, जिला संगठक राजेश बकोरिया जी को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये तथा पूर्व सर्वश्रेष्ट स्वयं सेवक कु. शकुन्तला मीणा, कु. पूजा एवं प्रिया धाडी एवं उमेश पंसारी को उनके सर्वोत्तम योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अर्चना परमार कविता, प्रिया धाडी, मेघा झावर ने किया तथा आभार व्यक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने किया।





## 26)युवा उत्सव

दिनांक 28.09.2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में युवा उत्सव के द्वितीय दिवस के तहत सांगीतकी पक्ष की गतिविधियों के अंतर्गत एकल गान, समूह गान, स्वच्छता अभियान एवं Say no to Plastic थीम पर एकांकी अभिनित की गई। जिनमें एकल गान में प्रथम स्थान – रोशनी मालवीय ,द्वितीय स्थान – क्षमा चौधरी, तृतीय स्थान– दीक्षा शर्मा ने प्राप्त किया समूह गान में प्रथम स्थान दीक्षा शर्मा ग्रुप, द्वितीय स्थान– अंजली धनगर समूह ने प्राप्त किया एवं एकांकी में प्रथम स्थान– सुलोचना एवं समूह, ने प्राप्त किया समूह नृत्य में प्रथम – हिमानी त्यागी समूह बी.एस.सी. ने प्राप्त किया।इस अवसरपर प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने विजयी प्रतिभागीयो को शुभकामनाये दी तथा तथा शेष प्रतिभागियों को अगले वर्ष ओर अधिक तैयारी एवं अभ्यास के साथ प्रतिभागिता करने हेतु उत्साहित किया। समस्त कार्यक्रम का संचालन युवा उत्सव प्रभारी डॉ. कलिका डोलस एवं डॉ. प्रतिमा खरे के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ0 नेहा शर्मा, डॉ. नीता मिश्रा, श्री रमाकांत रिछारिया, श्रीमति भारती सक्सेना सहित सभी महाविद्यालय परिवार का भरपूर महयोग प्राप्त हुआ।





## 27) पोषक तत्व युक्त भोजन शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक

दिनांक 01 सितम्बर 2019 से 30/09/2019 तक शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पोषण माह के अन्तर्गत शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास के स्वास्थ्य भारत प्रेरक पोषण अभियान श्री प्रतीक चौकसे ने कहा कि यदि हम अपने आहार में पोषक तत्वो को शामिल नही करेंगें तो हम न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी अस्वस्थ रहेंगें। कैल्शियम, आयरन, विटामिन सभी तत्वो को नियमित रूप से लेना आवश्यक है। प्रगति पांडे सहा. प्राध्यापक क्लीनिक सायकोलॉजी, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान सीहोर ने कहा कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। पूर्ण भोजन हमें न केवल शारीरिक बीमारियो बल्कि मानसिक बीमारियो से भी लड़ने की क्षमता प्रदान करता है। जंक फूड, डिब्बा बंद खाना हमारे मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है इसलिए ताजा व घर का बना खाना ही उर्जा भी प्रदान करता है और पोषक तत्वो की कमी भी नही होने देता है। इसी कार्यक्रम मे शरीर को फिट रखने के लिए शारीरिक व्यायाम भी अति आवश्यक है क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि विरहा एवं जिला संगठक रासेयो डॉ. राजेश बकोरिया एवं डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने भी छात्राओं द्वारा मोटापा कम करने तथा असमय भोजन करने विषय पर भी समूह चर्चा की। संपूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यकम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया, सहयोगी डॉ. प्रतिभा सोनी, प्रिया धाड़ी, मेघा झंवर, सुलोचना, निशा मालवीय, अर्चना परमार भावना व्यास, दीप्ति परमार, कविता आदि के विशेष सहयोग से सफल हुआ।

## 28) महात्मा गांधी जी की 150वी जयंती

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वी जयंती के अवसर पर गांधी जंयती पर शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की प्राचार्य ने महात्मा गांधी जी के विचारो पर प्रकाश डालते हुऐ हिन्द स्वराज का सामूहिक वाचन कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा कु. रोशनी मालवीय ने गांधी जी के प्रिय भजन "वैशनव जन" का गायन किया तत्पश्चात एन.एस.एस. की छात्राओं द्वारा "स्वच्छ भारत , स्वस्थ भारत" शीर्षक पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया ओर सभी को प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई। डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं डॉ. नीता मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। राष्ट्रगान गायन के साथ ही कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा प्लॉग रन का आयोजन किया गया। दिनांक 03.10.2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में गांधी जी की 150वी जन्मशताब्दी पर स्वच्छ भारत अभियान एवं पॉलिथिन मुक्त भारत थीम के अंतर्गत पॉलिथिन मुक्त सीहोर थीम पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें इको क्लब प्रभारी डॉ. कलिका डोलस गृह विज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को पॉलिथिन का प्रयोग न करने की सलाह दी गयी। पुराने कपड़े से थैले बनाने का हुनर सिखाया और पुराने आखवारों की रद्दी से थैले बनाना सिखाया







## 29) कन्या महाविद्यालय के महिला पहलवानों ने बाजी मारी

शासकीय कन्या महाविद्यालय की आयोजन व्यवस्था में महाविद्यालय के मल्टीपर्पस हॉल में जिला स्तरीय कुश्ती महिला/पुरूष प्रतियोगिता डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें सीहोर जिले के लगभग 10 महाविद्यालय के महिला/पुरूष पहलवानों ने अपने–अपने जोहर दिखाकर जिला सीहोर दल में अपनी जगह बनाई। संगठन सचिव श्री रवि विरहा ने जानकारी दी की यह दल आगामी 12 एवं 13 अक्टूबर 2019 को भोपाल में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी कुश्ती का दाव पेज दिखायेंगे।

50 कि.ग्रा. वर्ग – टीना चन्द्रवंशी

53 कि.ग्रा. वर्ग – पूजा कुशवाह

55 कि.ग्रा. वर्ग – रेखा कुशवाह

62 कि.ग्रा. वर्ग – रिचा नामदेव

68 कि.ग्रा. वर्ग – नेहा वर्मा

72 कि.ग्रा. वर्ग – मेघा झंवर

76 कि.ग्रा. वर्ग – आरती कुशवाह








## 30) नशा मुक्ति का दिया संदेश

महात्मा गांधी जी की 150वी जयंती के अवसर पर दिनांक 02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे किया गया। इस सप्ताह के दौरान छात्राओं द्वारा एक रैली का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में किया। नशे की रोकथाम के लिए नगर वासियो से संकल्प पत्र भी भरवाये गये। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवको द्वारा गोद ग्राम पचामा मे एक दिवसीय शिविर के माध्यम से भी नशा मुक्ति रैली निकाली गयी तथा छात्राओं द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया 'न हम नशा करेंगे न करने देंगे' की शपथ के साथ नुक्कड़ नाटक का समापन किया गया। नशा मुक्ति अथवा मद्यपान निषेध विषय पर आधारित नारे, निबन्ध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किये। नशा मुक्ति से ही संबंधित एक डॉक्यूमेन्ट्री फिल्म भी छात्राओं को दिखायी गयी जिसका उद्देश्य घर व आस पास के लोगो को बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, गुटखा जैसे हानिकारक पदार्थो से होने वाली हानि को दिखाया गया तथा छात्राओं से नशा मुक्ति जागरूकता फैलाने की अपील भी की गयी। संम्पूर्ण सप्ताह रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री जिला संगठक डॉ. राजेश बकोरिया, सहयोगी डॉ. प्रतिभा सोनी, वरिष्ठ रासेयो स्वयं सेवक उमेश पंसारी के मार्गदर्शन एवं प्रीति धाड़ी, कविता, अर्चना परमार, भावना व्यास, दीप्ति परमार, सुलोचना आदि के विशेष सहयोग से पूर्ण हुआ।

## 31) कॅरियर प्रकोष्ठ द्वारा व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय के कॅरियर प्रकोष्ठ द्वारा रोजगार हेतु व्यक्तित्व विकास शीर्षक से प्राचार्य की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कलिका डोलस ने बताया कि व्यक्तित्व विकास के अभाव में अधिकांश विद्यार्थी साक्षात्कार में सफल नही हो पाते अतः साक्षात्कार में सफल होने के लिए व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पेहलुओं को संवारने की आवश्यकता है। जिनमें अन्य नैतिक मूल्यों के साथ ही इमानदारी अपने आप में महत्वपूर्ण है। वर्तमान के बेइमानी भरे समाज में भारत के युवा में इमानदारी के बीज बोना आवश्यक है। बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से 'इमानदारी–एक जीवन शैली" शीर्षक से निबंध, भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बैंक ऑफ इंडिया के डिस्टिक मैनेजर श्री प्रकाश पेंढारकर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवा वर्ग में इमानदारी जैसे अहम नैतिक मूल्यों का लगातार पतन हो रहा है। ऐसी स्थिति में इमानदारी को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना होगा तभी समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना होगी।





## 32) बैंकिग एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 22/10/2019 को शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से ग्राहक सर्तकता मिशन के अंतर्गत एक "बैंकिग एवं वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम मे एस.बी.आई. सीहोर शाखा प्रबंधक श्रीमती सविता शर्मा एवं उनकी सहयोगी श्रीमती प्रतिक्षा उपस्थित थी। एस.बी.आई. की टीम द्वारा इस कार्यक्रम मे छात्राओं को बैंकिंग करते समय सामान्य एवं विशेष सावधानियॉ की जानकारीया दी गई। समस्याओ की शिकायत एवं आवश्यक सूचनाओ को प्रदान करने के लिए साइबर क्राइम सेल से संपर्क करने की जानकारिया दी गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने भी छात्राओं को संबोधित किया। जागरूकता हेतु विभिन्न महाविद्यालयो की टीमो के बीच प्रश्नमंच का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान शा. अग्रणी महाविद्यालय सीहोर की टीम, द्वितीय स्थान शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर की टीम एवं तृतीय स्थान आर.ए.के. कॉलेज की टीम ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में शा.अग्रणी महाविद्यालय से डॉ. राजकुमारी शर्मा,शा.कन्या महाविद्यालय सीहोर से डॉ. प्रतिमा खरे एवं आर.ए.के. महाविद्यालय से श्री डी.के. रैदास निर्णायको के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा एवं डॉ. राजेश बकोरिया द्वारा किया गया। इस आयोजन में संपूर्ण महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

## 33) राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर एक संगोष्ठी

दिनॉक 11..11.2019 को राष्ट्रीसय सेवा योजना एवं व्यक्तित्व विकास के संयुक्त तत्वाधन में स्वतंत्र भारत के प्रथम केन्द्रीय शिक्षा मंत्री एवं शिक्षाविद् श्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने मौलाना जी के जीवन और शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य शिक्षा के महत्वों को समझना तथा विकास के विभिन्न आयामों को खोलने के अवसर प्रदान करना था। एन.एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने भारत रत्न से सम्मानित मौलाना जी के देश व समाज प्रेम के साथ शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के महत्व को बताया। व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने अबुल कलाम आजाद के जीवन एवं आर्दशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति में अंतर निहित प्रतिभाओं एवं व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोहम्मद सादिक ने मौलाना जी का परिचय देते हुए कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु उनके द्वारा न केवल IIT, UGC की स्थापना की गई बल्कि संगीत नाटक अकादमी, साहित्य अकादमी एवं ललित कला अकादमी की भी स्थापना की गई। आज भारत की शिक्षा नीति उनके ही विचारों पर अग्रसर है। डॉ. नीता मिश्रा ने कहा कि अबुल कलाम आजाद भारत की गंगा जमुना तहज़ीब को मानने वाले थे। वे कलम के सिपाही थे तथा उन्होने निशुल्क शिक्षा नीति को अपनाया। इस संगोष्ठी में कु. हीरामणी वर्मा, शालिनी करोपे, सितारा ककड़िया, मोनिका वर्मा, पूजा वर्मा आदि ने भी मौलाना जी के जीवन पर एवं शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किये। सम्पूर्ण कार्यक्रम रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं स्वंय सेवक प्रिया धाड़ी, मेघा झवर, सितारा, महिमा सोनी आदि का विशेष सहयोग रहा।





## 34) उद्यमिता, व्यक्तित्व विकास एवं बौद्विक संपदा अधिकार कार्यशाला

दिनांक 13/11/2019 महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा लघु, सुक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत एम.एस.एम.ई. विकास संस्थान इंदौर के सहयोग एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीहोर के सहसहयोग से औद्योगिक प्रेरणात्मक शिविर (युवा) आयोजन किया गया यह आयोजन महाविद्यालय द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला के रूप में किया जा रहा है कार्यशाला के प्रथम दिवस में विद्यार्थियो को श्री डी.सी. साहू निदेशक लघु, सुक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया, सुश्री अनुज्ञा वरिष्ठ संख्यिकी अधिकारी एम.एस.एम.ई. विकास संस्थान इंदौर, ने उपस्थित छात्राओं को स्वयं का व्यापार उद्यमं लगाने हेतु प्रेरित किया। जिला उद्योग व व्यापार केन्द्र सीहोर से श्री सुधीर कदमने, सहायक सुचालक उद्योग, श्री मनीष अलावा सहायक संचालक उद्योग एवं श्री विवेके मोढ़े सहायक प्रबन्धक उद्योग ने विद्यार्थियो को सरकार कि विभिन्न स्वरोजगार एवं वित्त व्यवस्था संबंधी योजनाओ की जानकारी दी। कार्यकम में महाविद्यालय कि प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा, प्राध्यापक डॉ. सुधा लाहोटी, सहा.प्राध्यापक डॉ. राजेश बाकोरिया, श्रीमती भारती सक्सेना, श्रीमती पूजा, श्री ओमप्रकाश परमार, मो. सादिक, सुश्री नूरजहॉ सहित महाविद्यालय स्टॉफ उपस्थित था। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ समन्वयक डॉ. जया शर्मा द्वारा किया गया।

## 35) युवा संकल्प प्रतियोगिता

युवा संकल्प वर्ष 2019 के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सीहोर की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में दिनांक 16.11.2019 को किया गया। प्रतियोगिता का विषय "राजीव गांधी का सपना आई. टी. कम्प्यूटर में अग्रणी हो देश अपना" किया गया जिसमें सीहोर जिले के महाविद्यालयों से विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिसमें रबीना सांबले आर.ए.के. महाविद्यालय सीहोर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एवं द्वितीय स्थान हीरामणी वर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना सीहोर डॉ राजेश बकोरिया ने किया। इस अवसर पर डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. अनुप सिंह, डॉ. नेहा शर्मा एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा। निर्णायकों में श्री रमाकांत रिछारिया, डॉ. मोहम्मद सादिक एवं डॉ. प्रतिभा सोनी रहे। भारी संख्या में छात्राऐं भी उपस्थित रही। रिषिका, रानू मेवाड़ा, प्रिया वर्मा, रसिता, रूकैया, अंकिता एवं शिवांगी का विशेष सहयोग रहा।





## 36) छात्राओं का प्रेम देख प्रफुल्लित हुए वृद्धजन

दिनांक 22/11/2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रासेयो स्वयं सेवको द्वारा वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को दैनिक उपयोगी वस्तुओ को उपलब्ध कराने के लिए स्टाफ एवं छात्राओं से दान एकत्रित करके उनको सामग्री वितरण का निर्णय लिया गया। छात्राओं द्वारा एकत्रित राशि से साबुन, टुथपेस्ट, टुथब्रश, हैंड टाबिल, स्कार्फ, टोपा, फलो में केला, अनार, स्वल्पाहार मे चिप्स, नमकीन, बिस्किट, समोसे आदि वस्तओ को खरीद कर उनको सामाग्री आज वितरित किया। महाविद्यालय के मुख्य लिपिक श्री विनोद शर्मा द्वारा सभी वृद्धजनो के लिए टोपी व स्कार्फ दान किये गये। महाविद्यालय की सरिता सिमोलिया एवं मालती द्वारा आटा एवं दाल दान किया गया। इसके साथ ही दान में एकत्रित साड़ी, सूट, पेंट, शर्ट, कुर्ता, पजामा, स्वेटर, शॉल आदि कपड़ो को भी बॉंटा गया। छात्राओं ने सामग्री वितरण पश्चात उनसे बाते की, गाने सुनाये, उनकी बातो को सुना तथा उनके साथ स्वल्पाहार भी किया। सभी वृद्धजन छात्राओं का प्रेम देखकर बहुत खुश थे तथा उन्होने सब छात्राओं को ढ़ेर सारा आशीर्वाद भी दिया। संपूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं स्वयं सेवक प्रिया धाड़ी, मेघा झंवर, मीनल एवं मिनी के विशेष सहयोग से पूर्ण हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य लिपिक श्री विनोद शर्मा, अकबर अली, सरिता सिमौलिया, कीर्ति, दीप्ति परमार, सुलोचना, विजय, शैफाली, सृष्टि, सितारा, शालिनी, सोनाली, सोना आदि का भी सहयोग रहा। वृद्धाश्रम के संचालक श्री राहुल सिंह, प्रबंधक राकेश शर्मा, सहायक सेवक श्री अखलेश जायसवाल ने महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया तथा छात्राओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की।

## 37) गाँधी संवाद का आयोजन

दिनांक 28/11/2019 को व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के अंतर्गत "गाँधी संवाद का आयोजन हुआ" महात्मा गाँधी की 150 वी वर्षगांठ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. ब्रहम्दीप अनूले समन्वयक व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा एवं विशिष्ठ अतिथि सीहोर समाज के समाज के सेवी माननीय श्री ओमदीप जी एवं अध्यक्षता महाविद्यालय सीहोर की प्राचार्य डॉ सुमन तनेजा ने कार्यक्रम का आरम्भ महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलित किया। तत्पश्चात अतिथियों का फूल गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अतिथि उदवोदन प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने किया। उन्होने मुख्य अतिथि के अमूल्य समय दिये जाने का स्वागत किया एवं वर्तमान में समस्याओं का समाधान महात्मा गाँधी दर्शन से हल कर सकते है। डॉ. ब्रहम्दीप अनूले जी ने अपने उदवोदन में कहा कि गाँधी जी कौन थे क्या थें। इस बात की जानकारी हमें होना चाहिये हम अमावस्या पर पुरखों को याद करते है वैसे ही हमें अपने महापुरूषों का याद रखना चाहिये। हमें उनका इतिहास एवं उनकी कितावे पढना चाहीये। गाँधी जी विचारो पर सादे जीवन एवं उच्च विचार पर प्रकाश डाला। आजादी के इतने सालो वाद गाँव में भारत बसता है भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है यहा धर्म का प्रदर्शन नही होना चाहिये।गाँधी जी ने समजिक असमानतओं से एवं छुआ छूत से आजादी दिलाई आज जो गाँधी के मूल्यो को नही जानते वह आज उन्हे भूल रहे है। गाँधी जी ने अपने आदोलनो की शुरवात गाँव से की आत्म निर्भर बनने के लिये। उन्होंने लोगो को आत्म निर्भर बनने पर जोर दिया।




## 38) एड्स जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक 01.12.2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस पर दो दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा जिला अस्पताल से रैली निकालकर किया गया। रैली का उद्देश्य समाज में लोगो को एड्स एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता करना था। जिला अस्पताल में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसको डाक्टर्स एवं नगर के लोगों द्वारा सराहा गया। इसके पश्चात् डॉ. पी.एस. आर्मो द्वारा छात्राओं को रक्तदान के महत्व बताते हुए कहा कि रक्तदान स्वच्छा से करना चाहिए। साधारण स्वस्थ व्यक्ति साल में 04 बार रक्तदान कर सकता है। डॉ. नमिता नीलकंठ ने छात्राओं को T.B. की मुख्य पहचान, लक्षण एवं इसके घातक परिणामों से अवगत कराया। ITTC काउन्सलर श्रीमति पुष्पा साहू ने HIV वायरस तथा AIDS के मुख्य कारणों को बताते हुए कहा कि सही जानकारी एवं सुरक्षा ही इस बीमारी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। इसका बेक्सीन नही होने से जागरूकता ही इसके बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने सीहोर बस स्टेण्ड पर भी नुक्कड़ नाटक का मंचन कर समाज को एड्स जैसी बीमारी के प्रति जागरूक किया। इसके साथ ही महाविद्यालय में दूसरे दिन छात्राओं द्वारा रेड रिबन लगाकर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालयीन छात्राओं को जागरूक किया इसके साथ ही एड्स एवं रक्तदान विषय पर भाषण, पोस्टर, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं सहायक डॉ. प्रतिभा सोनी के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ।



## 39) अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया गया

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 10.12.2019 को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस महाविद्यालय के इको क्लब, राष्ट्रीय हरित कोर द्वारा आयोजित कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा की अध्यक्षता में किया गया महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छ पर्यावरण का संदेश लोगों तक पहुंचाया। तत्पश्चात महाविद्यालय परिसर में छात्रा कुमारी उमा पांचाल, कु. निकिता बर्मा, कु. ट्विंकल जैन ने स्वच्छ पर्यावरण मानव अधिकार पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं छात्राऐं उपस्थित रही।




## 40) विजय दिवस का आयोजन

दिनांक 16.12.2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के तत्वाधान में शहीदो की याद में विजय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहीदो को नमन करते हुए छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला का आयोजन किया। प्राचार्य ने छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण लेने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि छात्राओं के लिए यह प्रशिक्षण शिक्षा के साथ-साथ स्वंय के आत्मबल, आत्मसुरक्षा एवं दृढ़निश्चय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कु. मंजू प्रजापति ने छात्राओं को महत्वपूर्ण पंचों के माध्यम से आत्मरक्षा का डेमों दिया। छात्राओं से विजय दिवस से संबंधित प्रश्न भी पूछे गये। कार्यक्रम का आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं क्रीड़ा अधिकारी श्री रवि स्वरूप विरहा के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ।



## 41) शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 20.12.2019 को शिक्षक अभिभावक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें बी.ए. बी.कॉम. बी. एस.सी. बी.सी.ए. एवं बी.बी.ए. सभी संकायो के अभिभावक उपस्थित थे। छात्राओं के माता-पिता एवं स्थानीय पालकों ने छात्राओं को समस्याऐं एवं सुझाव अभिभावकों से साझा किये। समस्याओं में अधिकांश महाविद्यालय में आने से संबंधित थी, क्योंकि आने जाने के साधन संतोषप्रद न होने के कारण ग्रामीण छात्राएं असंतुष्ट हैं। अभिभावक यहां की शैक्षणिक, प्रशासनिक, लायब्रेरी एवं क्रीड़ा संबंधी तथा अन्य व्यवस्थाओं से पूर्णतः संतुष्ट पाये गये। उनको महाविद्यालय की अनुशासन एवं सुरक्षा व्यवस्था भी संतोषप्रद लगी। आयोजन सफल रहा।






## 42) चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास

दिनांक 21/12/2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में – चरित निर्माण एंव व्यक्तित्व विकावस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्रार्चाय डॉ.सुमन तनेजा की अध्यक्षता मे –मुख्य वक्ता के रूप मे श्री सुजीत कुंतल श्री (राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत उत्थान न्यास) उपस्थिति गरिमामयी रहा –साथ ही – वुदनी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री राजेश श्री वास्तव जी, विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला का संयोजन महाविद्यालय मे वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ गणेशलाल जैन जी द्वारा किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रतिभा खरे वरिष्ठ प्राध्यापक द्‌वारा किया गया। कार्यशाला का आयोजन , आन्तरिक गुणवक्ता अश्वासन प्रकोष्ठ एंव व्यक्तित्व विकास शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर एंव भारत उत्थान न्यास कानपुर का संयुक्त आयोजन के रूप में किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भारत उत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ सुजीत कुंतल ने चरित निर्माण एंव व्यक्तित्व विकास के लिए उन्होने सभी पंचकोशो के बारे विस्त्‌त व्याख्यान देते हुए अन्नमय कोश प्राणमय कोश मनोमय कोश विज्ञानमय कोश तथा आनंदमय कोश के बारे में बताया। दूसरे विशेष वक्ता के रूप में बुदनी कालेज के प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव जी ने रामायण और रामचरित मानस में राम ,के व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए कहा कि संपूर्ण विश्व में भारत ही वो देश है जिसके पास राम जैसा उद्‌दात चरित्र विद्यमान है। उनका कहना था कि चरित्र निर्माण में तथा व्यक्तित्व विकास में राम का संपूर्ण जीवन अनुकरणीय है।





## 43) गणित में श्री निवास रामानुज का योगदान

दिनॉक 23.12.2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर मे राष्ट्रीय गणित दिवस 22.12.2019 के अवसर पर "गणित में श्री निवास रामानुज का योगदान" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके की नोट स्पीकर श्री सुनील कुमार पाठक उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुये वे तरीके बताये जिनसे उन्हे गणित को पढने व समझने में आसानी हो मुख्य वक्ता डॉ. सभाकांत द्विवेदी प्राध्यापक गणित विभाग उत्कृष्ट विद्यालय ने गणित Value of Mathametics की व्याख्यान करते हुये बताया कि गणित बह्माण्ड के हर जीव को आती है और गणित के भय को हटाने के लिये Love of Talk Maths को कहा तथा गणित के भय कारणव इसे कम करने के उपाय बताये। विशेष वक्ता के रूप में डॉ. अनिल राजूपत , प्राध्यापक गणित विभाग, शासकीय चन्द्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में श्रीनिवास रामानुज के जीवन के बारे मे विस्तार से बताया श्री राज द्विवेदी जो यूनिर्वसिटी ऑफ कैलीफोर्निया बर्फले से डॉक्टरेट कर रहे है। वे विद्यार्थियों जो जीवन में आगे बझाने हेतु कठिन परिश्रम पारंगतता व क्रियाशील रहने की प्रेरणा अपने जीवन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुये दी। डॉ. पूर्णिमा तिवारी अपने शोध पत्र द्वारा अप्रोक्सिमेशन थ्योरी को सरल तरीके से समझाया महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रतियोगिता में सहभागी छात्राओं को पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किये गये तथा सभी सम्माननीय अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।